समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# BEL मे प्रोजेक्ट इंजीनियर की भर्ती, 55,000 तक मिलेगी सैलरी, 4 जून तक करे आवेदन।

Publisher Published on 27 May 2025




## इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स के लिए सरकारी नौकरी पाने का बेहतरीन अवसर, BEL ने जारी किया भर्ती नोटिफिकेशन — जाने आवेदन प्रक्रिया, योग्यता और चयन का तरीका।

**नई दिल्ली, 27 मई 2025**: इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स के लिए सरकारी नौकरी पाने का सुनहरा अवसर आया है। **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)** ने **प्रोजेक्ट इंजीनियर** के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किया है। आवेदन प्रक्रिया 20 मई से शुरू हो चुकी है और इच्छुक उम्मीदवार **4 जून 2025** तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कुल पदों की संख्या :**
इस भर्ती के माध्यम से कुल 28 पदों को भरा जाएगा।

**योग्यता :**
इन पदों के लिए उम्मीदवार के पास संबंधित विषय में **BE/B.Tech की डिग्री** होना आवश्यक है। डिग्री किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राप्त होनी चाहिए।

**आयु सीमा :**
इन पदों पर आवेदन के लिए अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित की गई है। हालांकि **SC, ST, OBC** और **दिव्यांग (PWD)** वर्ग

के अभ्यर्थियों को नियमानुसार छूट दी जाएगी।

**सैलरी :**

पद के अनुसार **प्रोजेक्ट इंजीनियर की मासिक वेतन** इस प्रकार होगी:
प्रोजेक्ट इंजीनियर-1: ₹40,000/माह
प्रोजेक्ट इंजीनियर-2: ₹45,000/माह
प्रोजेक्ट इंजीनियर-3: ₹50,000/माह
प्रोजेक्ट इंजीनियर-4: ₹55,000/माह

**चयन प्रक्रिया :**

चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार (इंटरव्यू) के आधार पर किया जाएगा। पहले उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा ली जाएगी और सफल अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। इसके बाद मेरिट के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करे ?**

उम्मीदवार नीचे दिए गए स्टेप्स की मदद से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं:
१. आधिकारिक वेबसाइट https://bel-india.in पर जाएं।
२. "**Recruitment**" सेक्शन में जाएं।
३. भर्ती से संबंधित **नोटिफिकेशन** खोलें और निर्देश ध्यान से पढ़ें।
४. "**Apply Online**" लिंक पर क्लिक करें।
५. **फॉर्म मे संभी जरूरी जानकारी भरे और डॉक्यूमेटं अपलोड करे** ।
६. **आवेदन शुल्क का भुगतान करे** ।
७. **फॉर्म सबमिट करे** और उसका **प्रिंटआउट** सुरक्षित रखें।
८. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन की **अंतिम तिथि 4 जून 2025** से पहले सभी प्रक्रियाएं पूरी कर लें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.